# कार्यालय प्राचार्य (अग्रणी महाविद्यालय) कोड : 2101
# भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर
# जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)


क्रमांक/511 स्था./2025 कांकेर, दिनांक 04/04/2025

**अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक द्वारा अध्यापन व्यवस्था हेतु विज्ञापन**

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्रमांक 574/126/आउशि/राज.स्था./2024 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 06.07.2024 एवं छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मत्रांलय का पत्र क्र./एफ 3-54/स्था./2020/36-1 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 20.06.2024 के आदेशानुसार अतिथि व्याख्याता नीति -2024 के अंतर्गत भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.) में रिक्त प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक/ अतिथि ग्रंथपाल हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार दिनांक 15.04.2025 को सायः 05 बजे तक पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं महाविद्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कर सकते है। चयन प्रक्रिया अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के परिपालन में किया जायेगां अतिथि व्याख्याता नीति 2024 का अध्ययन महाविद्यालय के सूचना पटल/वेबसाईट से किया जा सकता हैं। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र | विषय | सहायक प्राध्यापक |
|---|---|---|
| 01 | भूगोल | 01 |
| 02 | प्राणीशास्त्र | 01 |

टीपः- **आवश्यक निर्देश एंव अन्य अर्हता-**

1. अतिथि व्याख्याता, अतिथि शिक्षण सहायक एवं अतिथि ग्रंथपाल को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख-रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनिमय 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि व्याख्याता, अतिथि शिक्षण सहायक एवं अतिथि ग्रंथपाल के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होना चाहिए। परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिय स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए ।
2. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा ।
3. संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।
4. आयु सीमा- अतिथि व्याख्याता /अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक। अतिथि ग्रंथपाल हेतु 62 वर्ष तक ।
5. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्याथियों को प्राथमिकता दी जायेगी ।

04/04/25

प्राचार्य
भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय कांकेर (छ.ग.)


**Web :** https://bpdpgcknk.edu.in
**Email :** govtpgcollegekanker@gmail.com, col-bpdpgkanker.cg@gov.in, pri-bpdpgkanker.cg@gov.in
**Phone :** 07868-222028, **Fax :** 07868-224487

कार्यालय प्राचार्य (अग्रणी महाविद्यालय) कोड : 2101
भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)



क्रमांक/572/ स्था./2025 कांकेर, दिनांक 04/04/2025

प्रतिलिपि:-

01. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय ब्लॉक सी-30 द्वितीय एवं तृतीय तल इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ ।
02. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, बस्तर संभाग जगदलपुर को सूचनार्थ ।
03. कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ ।
04. प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय................की ओर प्रेषित, कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करेंगें।
05. जनसम्पर्क संचालनालय / सम्पादक...............दैनिक समाचार पत्र कृपया उपरोक्त समाचार को आपके प्रतिष्ठित समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे ।
06. महाविद्यालय के वेबसाइट अपलोड हेतु ।
07. महाविद्यालय के सूचना पटल में चस्पा करने हेतु ।
08. स्था./लेखाशाखा ।

प्राचार्य
भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय कांकेर (छ.ग.)

प्राचार्य
भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) 494334

**Web :** https://bpdpgcknk.edu.in
**Email :** govtpgcollegekanker@gmail.com, col-bpdpgkanker.cg@gov.in, pri-bpdpgkanker.cg@gov.in
**Phone :** 07868-222028, **Fax :** 07868-224487